जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 82
दिनांक 12.07.2024

पेड़–पौधे प्रकृति का अनुपम श्रृंगार इनकी सुरक्षा और संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व–कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

जनेकृविवि में एक पौधा मां के नाम देशव्यापी अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण

जवाहर क्रीड़ांगन और फॉर्म मशीनरी टेस्टिंग सेंटर परिसर में पौधारोपण

जबलपुर 12 जुलाई, 2024। पेड़–पौधे प्रकृति का अनुपम श्रृंगार है। इनकी सुरक्षा और संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। पर्यावरण के संरक्षण–संवर्धन की दृष्टि से वृक्षारोपण करना आज की महती आवश्यकता है, इसलिये हम सभी को पौधारोपण करना चाहिये क्योंकि वृक्ष मानव जीवन को लाखों रूपए की निशुल्क ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के साथ–साथ तरह–तरह की औषधि भी हमे उपलब्ध कराते हैं। यह बात जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने देशव्यापी अभियान के तहत **"एक पौधा मां के नाम"** को एक उत्कृष्ट पहल बताते हुये मुख्यअतिथि की आंसदी से कही। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि यह जनाग्रह प्रकृति के प्रति जागरूकता के साथ, जन मनोभाव में भी प्रेरणीय है, इसके माध्यम से सहज प्रयास में भी अच्छी जैव विविधता सहेजी जा सकती है, इसके लिये लगातार प्रयास किया जाना अतिआवश्यक है। दरअसल विश्वविद्यालय के वृहत पौधरोपण कार्यक्रम के तहत कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय,जबलपुर एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण जनेकृविवि के संयुक्त तत्वाधान में जवाहर क्रीड़ांगन परिसर और फॉर्म मशीनरी टेस्टिंग सेंटर परिसर में नीम, आम, अशोक, गुलमोहर, नीबू, अमरूद, मधुकामनी सहित बड़ी संख्या में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया।

"एक पौधा मां के नाम" देशव्यापी अभियान के तहत कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, संचालक अनुसंधान संवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, कुलसचिव श्री रेवा सिंह सिसोदिया, कार्यपालन यंत्री डॉ. ए.के. राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. मोहन सिंह, सहायक लेखानियंत्रक डॉ. डी. के. वर्मा सहित अन्य ने एक पौधा मां के नाम रोपित कर इनके संरक्षण, संवर्धन का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी, एनएसएस इकाई के छात्र–छात्राओं ने भी वृक्षारोपण किया और वृक्षारोपण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने का संकल्प लिया। इस दौरान एनसीसी छात्र–छात्राओं को कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने एनसीसी सर्टिफिकेट भी प्रदान किये।

इस अवसर पर डॉ. एस. बी. दास, डॉ. राकेश बाजपेयी, डॉ. एम.के. अवस्थी, डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव, डॉ. वाय.के. तिवारी, डॉ. सी.एम.एब्रॉल, डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. दीपक राठी, डॉ. सोनम अग्रवाल, डॉ. अमित झा, खेल अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक और छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अमित शुक्ला, श्री जे.पी. श्रीवास्तव, श्री गंगाराम मंडलोई, श्री सुरेशचंद्र बागदरे, श्री सत्यप्रकाश त्रिपाठी, श्री अतिन श्रीवास्तव, श्री अरूण सिंह, श्री यशवंत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।